
आज़ादी का अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 06.06.2022 से 12.06.2022)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## हरियाणा राज्य की 100 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की समीक्षा

(दिनांक 06.06.22)



**विषय: हरियाणा राज्य की 100 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की समीक्षा।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज राज्य में चल रही 100 रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं की समीक्षा की और साथ ही संबंधित विभागो को उन्हें जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने 6 विभागों की 8256 करोड़ रुपए की 37 परियोजनाओं की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवष्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि अलग से पोर्टल बनाया जाए और बड़े प्रोजेक्टस के पूरे होते ही उन्हें उस पर अपलोड किया जाए।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि शहरों के साथ लगते ग्रामीण क्षेत्रों को जाने वाली सडक़ों को जल्द ही फोर लेन का किया जाएगा ताकि उन पर आवागमन और अधिक सुगम हो सके। इसमें शहरों के साथ–साथ गांवों को जाने वाली 10 किलोमीटर तक की सडक़ों को चौड़ा करके फोर लेन की बनाया जाएगा। इसके साथ ही, उन पर स्वागत द्वार बनाए जाएंगे और पौधे भी लगाए जाएंगे जिससे प्रदेश भर में शहरों के चारों ओर एक जैसा सौन्दर्यकरण होने के साथ–साथ बाहरी

# साप्ताहिक सूचना पत्र




क्षेत्रों का कायाकल्प भी होगा।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा की स्मार्ट मीटर योजना को बढ़ावा दिया जाए और बिजली के स्मार्ट मीटर लगाने के कार्य में तेजी लाई जाए। इस योजना का लाभ नागरिकों को मुहैया करवाने के लिए दी जा रही 5 प्रतिशत की छूट का व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार किया जाए।

इसके साथ ही सडकों का विस्तारीकरण, हिसार एयरपोर्ट में चल रहे निर्माण कार्य, हर जिले में बन रहे मेडिकल कालेज और अम्बाला का वार मेमोरियलकी भी समीक्षा कर उसके कार्य का जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा गुरुग्राम में बनाया जा रहा टॉवर ऑफ जस्टिस जो 133 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला नया न्यायिक परिसर है। इस आधुनिक स्तर के टॉवर ऑफ जस्टिस को दिसम्बर माह तक पूरा करने। इसके अलावा, पुलिस हाउसिंग विभाग द्वारा 576 मल्टीस्टोरी हाउस बनाए जा रहे हैं। इन्हें भी जुलाई माह तक पूरा करने के लिए कहा।

साथ ही साथ प्रदेश के सभी थानों व चौकियों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश भी दिए।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## खेलों इंडियन यूथ गेम्स
(दिनांक 06.06.22)






**विषय: खेलों इंडियन यूथ गेम्स।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने पंचकुला पहुंचकर यहां चल रहे खेलों इंडिया में भाग ले रहे खिलाडियों से मुलाकात की और उनका हौसला बढ़ाया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स में खिलाड़ी पूरे उत्साह के साथ बढ़–चढक़र हिस्सा ले रहे हैं। पदक तालिका में हरियाणा आगे चल रहा है। खेलो इंडिया का मेजबान तो हरियाणा है ही और हमें पूरी उम्मीद है कि इसके चौंपियन भी हम होंगे। हमारे खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी व केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री गजेंद्र शेखावत जी ने ताऊ देवीलाल स्टेडियम में पहुंचकर 200 मीटर रेस के विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इसके बाद, उन्होंने मलखंभ देखा और हैंडबॉल के खिलाडिय़ों से मुलाकात कर, उनको बधाई भी दी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह पहला मौका है जब खेलो इंडिया में 5 पारंपरिक खेलों को शामिल किया गया है। इसमें मलखंभ, गतका, थांग–ता, योगासन और कलरीपायट्टु शामिल हैं। ऐसा देखने में आया है कि जो खेल जिस भी प्रांत से जुड़े हैं, उनके खिलाड़ी

# साप्ताहिक सूचना पत्र




इन खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन धीरे–धीरे दूसरे प्रदेशों में भी इनकी प्रसिद्धि बढ़ रही है। जब हम इन परंपरागत खेलों को आगे बढ़ाने के लिए अवसर प्रदान करते हैं तो निष्चित रूप से खिलाडियों का हौसला बढ़ता है। मुख्यमंत्री जी ने मलखंभ का उदाहरण देते हुए कहा कि आज उन्होंने इस खेल की एक प्रतियोगिता को देखा, जिसमें महाराष्ट्र के खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे क्योंकि यह खेल उनके राज्य से जुड़ा हुआ है।

इस अवसर पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत जी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने खेलों व खिलाडियों के लिए अनुकूल वातावरण बनाया है। आज देश में बेहतर खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर और खेले के अच्छे वातावरण की वजह से खेल का स्तर सुधरा है। खिलाडियों को समय पर सिलेक्ट किया जाता है और उन्हें समय पर ट्रनिंग दी जाती है। उन्होने मुख्यमंत्री जी के कार्यकाल की तारीफ करते हुए कहा कि इस दौरान खेल और खिलाडियों ने खुब तरक्की की है। हरियाणा ने जिस प्रकार खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर, खेल पॉलिसी व खेलों में जिस प्रकार सहयोग किया है उससे प्रदेश का खेलों में नाम रोशन हुआ है। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने खेल के क्षेत्र में एक आदर्श स्थापित किया है, इससे दूसरे प्रांत भी प्रेरणा लें।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## राज्यसभा सांसद का चुनाव

(दिनांक 11.06.22)





**विषय: राज्यसभा सांसद का चुनाव।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने राज्यसभा चुनाव जीतने पर भाजपा के सांसद श्री कृष्ण लाल पंवार और निर्दलीय चुनकर आए सांसद श्री कार्तिकेय शर्मा को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह हरियाणा की जनता की जीत है। दोनों सांसद राज्यसभा में जाकर हरियाणा के हितों को उठाएंगे। मुख्यमंत्री जी ने अलसुबह करीब 2 बजे खुद हरियाणा विधानसभा पहुंचकर दोनों नवनिर्वाचित सांसदों को बधाई देते हुए अपने हाथ से लड्डू खिलाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा विधानसभा में कुल विधायकों का आंकड़ा 90 है। राज्यसभा चुनाव के दौरान एक विधायक ने वोट नहीं डाला जबकि कांग्रेस के एक विधायक का वोट रद्द हो गया। ऐसे में कुल विधायकों की संख्या 88 बनती है। राज्यसभा में जो भी उम्मीदवार कुल संख्या का एक तिहाई वोट में आ जाएगा, वह जीत जाएगा। इससे नीचे रहने वाला उम्मीदवार हार जाएगा। हरियाणा विधानसभा में 88 विधायकों का एक तिहाई 29.34 बनता है। पहली और दूसरी परेफरेंस मिलाकर दोनों उम्मीदवारों के नंबर इतने बनते हैं, जबकि कांग्रेस के उम्मीदवार के इतने नंबर नहीं

# साप्ताहिक सूचना पत्र

बनते थे। तभी वे हारे हैं।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विधायक कुलदीप बिश्नोई ने खुला वोट दिया। उन्होंने अपनी अंतर आत्मा की आवाज सुनकर वोट दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर ही ऐसा किया होगा। कुलदीप बिश्नोई ने राष्ट्रीय विचार से जुडने का एक अवसर अपनी अंतरआत्मा के साथ मजबूत किया है।

## संत कबीर जयंती समरोह

(दिनांक 11.06.22)



**विषय: संत कबीर जयंती समरोह।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने संत कबीर दास जी की जयंती के उपलक्ष मेें रोहतक में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में भाग लिया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने अनेक घोषणाए की जिसमें से सबसे प्रमुख घोषणा मुख्यमंत्री निवास का नाम बदलकर उसे कबीर दास जी के नाम पर करने की थी। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि

# साप्ताहिक सूचना पत्र



अब मुख्यमंत्री निवास संत कबीर कुटीर के नाम से जाना जाएगा।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी एक और घोषणा करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले अनुसार प्रमोशन में कैडर अनुसार आरक्षण का मिलेगा इसके लिए राज्य सरकार, केंद्र सरकार के नोटिफ़िकेशन अनुसार जल्द दिशानिर्देश जारी करेगी।

इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कमजोर वर्गों का सर्वांगीण विकास ही संत कबीर दास को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा के जितने भी शिक्षण संस्थान, धर्मशालाएं ना केवल अनुसूचित जाति बल्कि पिछड़े समाज की हैं, उनमे पुस्तकालय की व्यवस्था करवाई जाएगी। अनुसूचित जाति बल्कि पिछड़े समाज की धर्मशालाओं में 5 किलोवाट का सोलर प्लांट लगाने में 75 प्रतिशत की सब्सिडी दी जाएगी। एनआईटी और आईआईटी में आरक्षण की व्यवस्था के लिए केंद्र से बात

# साप्ताहिक सूचना पत्र

की जाएगी। इसके साथ ही, समाज की साढ़े पांच एकड़ जमीन में शिक्षण संस्थान की मांग पर कोई भी एक प्रोजेक्ट जो 51 लाख रुपए तक का हो, उसे सरकार द्वारा बनाया जाएगा। इसके साथ ही संत कबीर जी के जन्मस्थान बनारस की जो भी कोई यात्रा करना चाहता हो उसके लिए रेलवे का किराया सबको दिया जाएगा। वहीं प्रदेश में किसी एक संस्थान का नाम संत कबीर के नाम से किया जाएगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि संत कबीर दास जी धार्मिक एकता के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने मानव मात्र से प्रेम का संदेश दिया। उनके अनुयायी आज भी उनकी वाणी का प्रचार कर रहे हैं। उनकी शिक्षाएं समाज की धरोहर हैं।

उन्होंने कहा कि हम संत कबीर के सिद्धांतों के अनुरूप अंत्योदय को वचनबद्ध हैं। उनकी शिक्षाएं और विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि जात–पात के भेदभाव को भूलकर मानवमात्र से प्रेम करने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 'संत–महापुरुष विचार सम्मान एवं प्रसार योजना' शुरू की गई है। इसके तहत संत–महापुरुषों की जयंती पर राज्य स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। सरकार ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के प्रकाश पर्व पर राज्य स्तरीय समारोह, श्री गुरु नानक देव जी व श्री गुरु गोविन्द सिंह जी के प्रकाश पर्व पर भी राज्य स्तरीय आयोजन किया है। इसी तरह, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती 'पराक्रम दिवस' और संत कबीर दास जी की जयंती भी इसी कड़ी का भाग है।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 'सबका साथ–सबका विकास–सबका प्रयास' का मूलमंत्र दिया। इसी तरह हमने भी 'हरियाणा एक–हरियाणवी एक' का संकल्प लिया। हमारी सरकार हर गरीब, पीड़ित और वंचित को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार ने अंतिम पक्ति में खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का अभियान चलाया है। प्रदेश में योग्यता के आधार पर नौकरी दी जा रही है और 156 स्थानों पर 570 अंत्योदय मेला दिवस आयोजित किए गए हैं। इसके तहत अब तक 48 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार और 4,037 को ऋण दिया जा चुका है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## स्व० जयवीर सिंह को श्रद्धांजली

(दिनांक 12.06.22)



**विषय: स्व० जयवीर सिंह को श्रद्धांजली।**

**प्रभाव:** मुख्यमंत्री जी ने रविवार को जींद के विजय नगर स्थित पुलिस निरीक्षक स्व० जयवीर सिंह के घर पहुंचकर उनके असमय निधन पर शोक प्रकट किया और उन्हे श्रद्धांजली अर्पित की। 49 वर्षीय स्व० जयवीर सिंह जी का विगत 5 जून को जुलाना के पास सड़क दुर्घटना में देहांत हो गया था। जयवीर सिंह मुख्यमंत्री जी की सिक्योरिटी में बतौर पुलिस निरीक्षक तैनात थे। वे अपने पीछे तीन बेटियां आशा, नीशा व ईशा, एक पुत्र विवेक और धर्मपत्नी श्रीमती प्रेम कुमारी तथा भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

मुख्यमंत्री जी ने स्व० जयवीर के घर पंहुचने पर परिवार के सदस्यों से मिलकर ढांढस बंधाई। उन्होंने कहा कि जयवीर सिंह मिलनसार व बहादूर पुलिस अधिकारी थे। वे सदैव अपनी डयूटी के प्रति निश्ठावान और तत्पर रहते थे।

मुख्यमंत्री जी ने भगवान से प्रार्थना करते हुए कहा कि परमात्मा जयवीर सिंह को अपने चरणों में जगह दें तथा उनकी आत्मा को शान्ति दें। इसके बाद, मुख्यमंत्री जी ने परिवार के सदस्यों से मिलकर उनका हाल–चाल भी जाना।